आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :461 पृष्ठ -4 दिनांक 24 अप्रेल 2025 दिन गुरूवार

# पहलगाम आतंकी हमला घुड़सवारी कर रहे शुभम को मारी गोली

## बीवी से कहा–जाकर सरकार को बता देना

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी की जान चली गई. इस हमले ने न केवल उनके परिवार को गहरा आघात दिया है, बल्कि सरकार की आतंकवाद पर काबू पाने की नीतियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. इस घटना को लेकर एबीपी न्यूज ने मृतक शुभम के परिवारजनों से बातचीत की.शुभम अपने परिवार के 11 सदस्यों के साथ 17 अप्रैल को कश्मीर घूमने गए थे. उनकी वापसी 23 अप्रैल को तय थी, लेकिन एक दिन पहले ही, 22 अप्रैल को, यह दर्दनाक हादसा हो गया. परिवार वहां शुभम के जीजा का जन्मदिन मनाने गया था. 18 अप्रैल को पूरे परिवार ने धूमधाम से जश्न मनाया और फिर सभी लोग अलग–अलग स्थानों पर घूमने निकल गए.22 अप्रैल को पहलगाम में शुभम अपनी पत्नी के साथ बैठकर मैगी खा रहे थे, तभी एक अजनबी व्यक्ति वहां पहुंचा. शुभम के पत्नी ने घर वालों को बताया कि उस व्यक्ति ने पहले शुभम का नाम पूछा और फिर उसे कलमा पढ़ने के लिए कहा. जब शुभम ने उसे वहां से जाने को कहा, तो उसने बंदूक निक.



ालकर शुभम के सिर पर सटा दी और गोली मार दी. शुभम की पत्नी को उसने गोली नहीं मारी, बल्कि धमकी देते हुए कहा कि ष्जाकर अपनी सरकार को बता देना.ष्घटना के वक्त परिवार के पांच सदस्य घुड़सवारी कर ऊपर गए थे जबकि बाकी छह लोग नीचे मौजूद थे. इस भयावह घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है. शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार ने यह विश्वास दिलाया था कि कश्मीर घाटी में अब आतंकवाद नहीं है, इसलिए उन्होंने वहां जाने का फैसला किया. लेकिन इस तरह की घटनाएं लोगों के मन में भय पैदा करती हैं और विश्वास को तोड़ती हैं.मनोज द्विवेदी ने सरकार से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की मांग की ताकि आम नागरिक बेखौफ होकर पर्यटन स्थलों पर जा सकें. उन्होंने कहा कि अगर अब भी सरकार ठोस कदम नहीं उठाती, तो लोगों का भरोसा टूट जाएगा. शुभम की मौत ने एक खुशहाल परिवार को शोक में डुबो दिया है.

## कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नजर बनाई

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नजर बनाई हुई है. पीएम मोदी सऊदी अरब के दौरे को स्थगित कर वापस भारत लौट रहे हैं. वे जेद्दा से रवाना हो चुके हैं. इस बात की जानकारी भारत सरकार के सूत्रों ने दी है. सूत्रों के अनुसार, कश्मीर में आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित आधिकारिक डिनर में भाग नहीं लिया है और वह देर रात ही भारत के लिए रवाना हो गए. पीएम मोदी का इससे पहले बुधवार रात को लौटने का कार्यक्रम था, लेकिन अब वह बुधवार सुबह भारत पहुंच जाएंगे.भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि बुधवार को कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की बैठक बुलाई गई है. इस बैठक में पीएम मोदी हिस्सा लेंगे. पहलगाम आतंकी हमला को लेकर पीएम मोदी ने दुख जताया. पीएम मोदी ने कहा कि इस हमले में जो भी शामिल हैं, उसे बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि आतंकियों का नापाक मकसद कभी सफल नहीं होगा.पीएम मोदी ने



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मैं जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं. जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं. मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग शीघ्र स्वस्थ हो जाएं. प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है. " उन्होंने आगे कहा, "इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा. उनका आतंकी एजेंडा कभी सफल नहीं होगा. आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा."

## पहलगाम आतंकी हमले पर राजा भैया भड़के, कहा– कश्मीर जाकर जेहाद को बढ़ावा देते हैं हम

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी स्थित प्रतापगढ़ से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने पहलगाम आतंकी हमले पर बयान जारी किया है.सोशल मीडिया साइट एक्स पर राजा भैया ने लिखा – कश्मीर में हिन्दू तो पहले ही मारे काटे जा चुके हैं, जो जान बचाकर भागने में सफल रहे वे अपने ही देश में आज भी शरणार्थी हैं.उन्होंने लिखा कि– अब अपने पर्यटक भाई बहनों से कहना चाहूंगा कि जब हम अपने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं तो न सिर्फ अपने परिवार के जीवन को खतरे में डालते हैं बल्कि आतंकवादी, अलगाववादी, जेहादी ताकतों को आर्थिक रूप से मजबूत करते हैं, इतना ही नहीं हम अनजाने में अपने ही खिलाफ छिड़े 'जेहाद' को अपनी ही जेब से फंड करते हैं.विधायक ने लिखा कि– डल झील में नावों पर सपरिवार सेल्फी लेकर हम विश्व




को ये संदेश देते हैं कि कश्मीर में अमन चौन है, लेकिन आज फिर एक बार असलियत सबके सामने आ गयी.उन्होंने लिखा कि– इसमें कोई शक नहीं कि कश्मीर में लगभग सभी की मानसिकता अलगाववादी है, कोई प्रत्यक्ष तो कोई परोक्ष रूप से आतंक का समर्थन करता है, और वहां के राजनैतिक दल भी इसका अपवाद नहीं हैं, ऐसे में हम कश्मीर जाकर होटल, भोजन, खरीदारी करके उनके अल–जेहाद को ही बल देते हैं.विधायक ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि जिन पर्यटकों की उनके परिजनों के सामने बर्बर हत्या की गयी उनकी पैंट उतरवा कर आतंकवादियों ने ये तय किया कि वो मोमिन है या काफिर. उन्होंने लिखा कि – कलावा देख के और वस्त्र उतारकर धर्म देखने के बाद गोली मारने वाले आतंकियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आतंकवाद का मजहब होता है.

## लखनऊ बंथरा में खेतों में लगी भीषण आग

### कई बीघे गेहूं और खीरे की फसल जलकर राख, मचा हड़कंप

राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई जब कई गांवों के खेतों में अचानक भीषण आग लग गई. गर्मी और तेज हवा के चलते आग ने तेजी से कई बीघे खेतों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे किसानों की गेहूं और खीरे की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई.जानकारी के मुताबिक आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वह खेतों से निकलकर गांव के किनारे तक पहुंच गईं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड की करीब 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं, जो आग पर काबू पाने की लगातार कोशिश में जुटी हुई हैं. फायर ब्रिगेड की 10 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर जुटीं, गांव तक पहुंचीं लपटें, पान और आम के बागानों को भी नुकसान हुआ है. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पहले आग सिर्फ एक खेत में लगी थी, लेकिन हवा के चलते यह तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों को भी चपेट में ले लिया. खेतों में खड़ी पकी हुई गेहूं की फसल, खीरे की बेलें और कुछ हिस्सों में आम व पान के बागान भी आग की लपटों में झुलस गए.गांव के समीप पहुंची आग को देख फायर ब्रिगेड



की टीम ने तत्परता दिखाते हुए गांव की सीमा पर पानी का छिड़काव किया, जिससे गांव की झोपड़ियों और घरों तक आग न पहुंचे. साथ ही, आग की भीषणता को देखते हुए आस–पास की गौशालाओं को एहतियातन खाली करवा लिया गया है ताकि किसी जानवर की जान न जाए. फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं. बंथरा सहित लखनऊ के कई फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं. ग्रामीण भी फायर टीम के साथ मिलकर आग पर काबू पाने में लगे हुए हैं. गौरतलब है कि इन दिनों उत्तर भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और सूखे की स्थिति बनी हुई है, जिससे खेतों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. बंथरा की यह घटना भी उसी सिलसिले की एक कड़ी है.किसानों का कहना है कि उनकी सालभर की मेहनत कुछ ही मिनटों में राख हो गई. प्रशासन से मुआवजे की मांग की जा रही है. जिलाधिकारी और तहसील प्रशासन की टीमें भी हालात का जायजा लेने पहुंच रही हैं. स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खेतों में आग बुझाने या पास जाने से बचें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या जानकारी तुरंत पुलिस या दमकल विभाग को दें.

## अयोध्या नगर निगम में शामिल प्रत्येक गांव में लगेगी 250 और सोलर लाइट

अयोध्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों के अनुरूप अयोध्या को सोलर सिटी बनाने में नगर निगम जुटा है। महानगर का 90 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रोशनी से गुलजार है। नगर में शामिल किए गए प्रत्येक गांव में 250 और सोलर लाइट लग. वाई जाएगी। इसके अलावा पांच हजार स्ट्रीट लाइट लगवाने का प्रस्ताव किया गया है।पृथ्वी दिवस के मौके पर नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कही। मेयर ने कहा कि अब लाइट खराब होने पर 48 घंटे के भीतर ठीक कर दिया जाता है। कैंट क्षेत्र डेक. ोरेटेड लाइट लगाने की योजना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या अब तकनीक और परंपरा का संगम बन रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि कर्मचारी



निरंतर सजग रहते हैं। यही कारण है कि नगर की प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनी रहती है।नगर आयुक्त ने बताया कि 15 प्रमुख वार्डों में 3652 सजावटी पोल और लाइट्स स्थापित किए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर आकर्षक प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई है। विस्तारित क्षेत्रों में 50 हाईमास्ट, 9000 नई लाइट्स तथा 50 अतिरिक्त इलाकों में प्रकाश की व्यवस्था, बांस आधारित लाइट्स, रामपैड़ी आदि पर सोलर ट्री और स्ट्रिप लाइट्स, उदया गेट, साकेत पार्क जैसे नवाचारों का समावेश किया गया है।

## पहलगाम आतंकी हमले पर गुस्साए मौलाना बोले– ऐसी सजा मिले जो नजीर बन जाए

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले ने पूरे देश को गहरे सदमे में डाल दिया है. इस हमले में करीब 28 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिसमें सिर्फ टूरिस्ट शामिल थे . इस जघन्य वारदात की चौतरफा निंदा हो रही है. देश के विभिन्न धर्मगुरु, सामाजिक संगठन और आम नागरिक इस कायराना हमले के खिलाफ एकजुट होकर न्याय की मांग कर रहे हैं.इसी कड़ी में देवबंद के जाने–माने इस्लामी विद्वान और जमीयत दावातुल मुस्लिमीन के संरक्षक मौलाना कारी इसहाक गोरा ने इस हमले को इंसानियत का कत्ल करार दिया. उन्होंने कहा कि यह हमला केवल कुछ निर्दोष लोगों की हत्या नहीं, बल्कि देश की अमन और इंसाफ पसंद तहजीब पर सीधा हमला है.आखिर कोई इंसान किस मानसिकता से ऐसे वहशियाना काम को अंजाम दे सकता है.मौलाना ने सरकार से मांग की है कि इस हमले के दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर ऐसी सजा दी जाए जो मिसाल बन जाए और आगे कोई ऐसी हिमाकत करने से पहले सौ बार सोचे. उन्होंने कहा कि कानून को तेजी से काम करना चाहिए ताकि पीड़ित परिवारों को इंसाफ मिल सके.

## यूपी में इस जगह जरूरतमंदों को घर देगी योगी सरकार, सर्वे शुरू

लखनऊ के ऐशबाग इलाके में अब नजूल भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट बनाए जाएंगे. लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर योजना का जायजा लिया और जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने जमीन का सर्वे करने और नियोजन के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई है, जो एक हफ्ते में रिपोर्ट देगी.निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वहां कुछ परिवार झोपड़ियां और टिनशेड डालकर रह रहे हैं और कई जगहों पर अवैध दुकानें भी चल रही हैं. उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्द शुरू करने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने चारबाग स्टेशन के पास बने फुटओवर ब्रिज का भी निरीक्षण किया और वहां यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर सीढ़ियां बनाने का प्रस्ताव दिया. इसके लिए स्ट्रक्चर डिजाइन और लोड टे. स्टिंग जल्दी पूरी करने को कहा गया. सुदर्शनपुरी में बन रहे कम्युनिटी सेंटर का भी निरीक्षण हुआ, जहां काम की गति संतोषजनक मिली. उपाध्यक्ष ने कहा कि इसके संचालन और रखरखाव के लिए जल्दी ही टेंडर निकाला जाए. वहीं, ऐशबाग के भूखंड संख्या–68ध्1 पर बन रहे कम्युनिटी सेंटर की रफ्तार बहुत धीमी मिलने पर कार्यदायी संस्था पर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. ठेकेदार को तीन महीने में काम पूरा करने की चेतावनी दी गई है.निरीक्षण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी भी रहे मौजूदइसके अलावा, नंदाखेड़ा के तुलसी कॉम्प्लेक्स का भी



निरीक्षण किया गया, जहां अब पुराने आवंटियों को प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट कर पूरी कॉलोनी का री–डेवलपमेंट किया जाएगा. अतिक्रमण हटाकर इस प्रक्रिया को इसी सप्ताह शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं.उपाध्यक्ष ने ऐशबाग में जमुना झील के पास बने अटल पार्क का भी निरीक्षण किया और वहां सुरक्षाकर्मियों की तैनाती, टिकट व्यवस्था शुरू करने और पार्क को जनता के लिए खोलने के निर्देश दिए. इस निरीक्षण के दौरान एलडीए के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

# हाथरस में छात्राओं के यौन शोषण का मामला

## कॉलेज के प्राचार्य भी गिरफ्तार, शिकायत मिलने के बाद भी मामले को दबाने का आरोप

हाथरस के पीसी बागला डिग्री कॉलेज में छात्राओं के यौन शोषण मामले में पुलिस ने प्राचार्य महावीर सिंह छोकर को भी गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मुख्य आरोपी भूगोल विभाग के प्रभारी प्रोफेसर रजनीश कुमार की गिरफ्तारी के बाद की गई है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़ित छात्राओं ने अपने बयानों में खुलासा किया है कि उन्होंने यौन शोषण की शिकायत प्राचार्य से की थी। लेकिन प्राचार्य ने मामले को दबाने का प्रयास किया। उन्होंने छात्राओं को धमकाकर वापस भेज दिया था।पुलिस ने फोटो में दिख रही छात्राओं की पहचान करने की कोशिश की। लेकिन कॉलेज प्रशासन ने कोई सहयोग नहीं किया। पुलिस अभी भी पीड़ित छात्राओं से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। कुछ छात्राएं लोक–लाज के कारण बयान देने से हिचक रही हैं। यह मामला अभी तक काफी सुर्खियों में है। पुलिस प्रिंसिपल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची है।हा. थरस के बागला डिग्री कॉलेज में तैनात भूगोल के प्रोफेसर रजनीश कुमार छात्राओं से अश्लील हरकतें करता था। वह अच्छे नंबर दिलवाने और नौकरी लगवाने का झांसा देता था। इतना ही नहीं, प्रोफेसर चोरी–छिपे छात्राओं के अश्लील वीडियो भी बना रहा था। उसके ऐसे करीब 65 फोटो–वीडियो सामने आए हैं। पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ थ्प्त् दर्ज कर ली है। फिलहाल वह फरार है। पुलिस की 3 टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं।अब तक की



जांच में पता चला है कि कुछ वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड किए गए हैं। रजनीश कुमार भूगोल के प्रोफेसर होने के साथ ही कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर भी थे। कॉलेज में अपनी कुर्सी के पीछे बनी अलमारी में मोबाइल फिट करके ये वीडियो शूट करता था। हालांकि अभी तक पुलिस वह मोबाइल रिकवर नहीं कर पाई है।इस केस में सबसे ज्यादा मुश्किल काम पीड़ित छात्राओं को सामने लाना है। तभी पुलिस मजबूती से कानूनी एक्शन ले पाएगी। करीब 50 साल का प्रोफेसर 20 साल से इस कॉलेज में तैनात है।प्रोफेसर ने चोरी–छिपे शूट किए सारे वीडियो इस मामले में अब तक 35 से ज्यादा फोटो–वीडियो दैनिक भास्कर को मिल चुके हैं। सभी वीडियो एक ही कमरे में एक ही जगह मोबाइल रखकर शूट किए गए हैं। इस कमरे में एक टेबल पड़ी है। टेबल पर अक्सर बहुत सारी फाइलें रखी रहती हैं।जहां प्रोफेसर की कुर्सी है, उसके ठीक पीछे एक अलमारी है। इस अलमारी पर मोबाइल रखकर वीडियो शूट किए जाते थे। जो भी छात्रा इस रूम में आती थी, उसे कुर्सी पर बैठने के लिए कहा जाता था। इसके बाद प्रो. रजनीश कुमार उस छात्रा के साथ गंदी हरकतें करता था। प्रा. `फेसर ये सारे काम इतनी सफाई से करता था कि हर सीन मोबाइल में एकदम क्लियर शूट हो।हमें कुछ ऐसे स्क्रीनशॉट भी मिले, जिनमें प्रोफेसर वीडियो कॉल पर दो अलग–अलग छात्राओं से बात कर रहा है। ये वीडियो अलग–अलग दिनों के हैं, लेकिन बात करने वाली छात्रा वही दोनों हैं। इसके अलावा वॉट्सऐप चौट्स भी मिली हैं, जिसमें प्रो.रजनीश कुमार कई लड़कियों से बातचीत कर रहा है। एक लड़की को वह प्रयागराज से कुछ कपड़े लाकर गिफ्ट देने की बात भी कह रहा है। 'सरकारी टीचर बन जाओगे, कोशिश करोगे तो३' 3 मिनट 14 सेकेंड के एक वीडियो में कुर्सी पर बैठी छात्रा कह रही है– हम सरकारी टीचर न बनें? इस पर प्रोफेसर हंसते हुए कहता है– सरकारी टीचर बन जाओगे, कोशिश करोगे तो। इतना कहकर प्रोफेसर छात्रा की कुर्सी के पीछे जाता है और उसको किस करता है। इसके बाद प्रोफेसर गेट से बाहर जाता है और ये देखकर आता है कि कोई मौजूद तो नहीं। इतनी तसल्ली करने के बाद वो वापस कमरे में आता है और छात्रा से फिर अश्लील हरकतें शुरू कर देता है।इसके बाद छात्रा कहती है– मुझे एक साल कंप्यूटर सीखना है। क्योंकि, कोई भी जॉब करने के लिए कंप्यूटर आना जरूरी होता है। क्या कंप्यूटर दिला दोगे? इस पर प्रोफेसर उसका हाथ पकड़कर हामी भर देता है। प्रोफेसर यहीं नहीं रुकता। वो छात्रा को अपनी गोद में भी बैठाता है।यह सब करते हुए प्रोफेसर कई बार मोबाइल की तरफ भी देखकर हंसता है। इस छात्रा का यह अकेला वीडियो नहीं है। कुछ और फोटो सामने आए हैं, जो अलग–अलग दिनों के हैं। इसमें प्रोफेसर उसके कपड़े उतारकर अश्लील हरकतें करता साफ दिखाई दे रहा है। वाराणसी में स्कूल प्रबंधक के बेटे ने 12वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। ज्ञानदीप स्कूल के डायरेक्टर के घर की पार्किंग एरिया में बने कमरे में लाश मिली। मौके पर छात्र के 2 दोस्त मौजूद थे। उनकी मदद से ही लहूलुहान छात्र को हॉस्पिटल ले जाया गया था। डॉक्टर के मुताबिक, छात्र की कनपटी पर गोली लगी, जो आर–पार हो गई

## हाथरस में हिंदू जागरण मंच ने कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का पुतला दहन किया

हाथरस में हिंदू जागरण मंच ने कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि कश्मीर की घटना में पीड़ितों से उनका धर्म पूछा गया था।जिला सहसंयोजक नरेंद्र प्रेमी ने बंगाल और कश्मीर में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई। जिला सह संयोजक शिवम शर्मा ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नगर सह संयोजक मोर मुकुट वर्मा और लोकेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार को पाकिस्तान को कड़ा



जवाब देना चाहिए।स्लीपर सेल्स पर कार. `वाई की मांग उन्होंने देश में आतंकी स्लीपर सेल्स पर भी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में रूप किशोर वर्मा, रवि वार्ष्णेय, मनोज कुमार वर्मा, रामगोपाल कुशवाहा, यवन चौ. हान, मुकेश शर्मा, शुभम ठाकुर, योगेश शर्मा, रोहित चौधरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाथरस में अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हाथरस में अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 17 वर्षों से ईमानदारी से काम कर रहे हैं। लेकिन उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है।वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 और 2024–25 का मानदेय अभी तक नहीं मिला है। कुछ कर्मचारियों को तो पिछले 28 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। कर्मचारियों को ईपीएफ, हेल्थ पॉलिसी या नियमित. ीकरण जैसी कोई सुविधा नहीं मिल रही है।3 अक्टूबर 2021 को जारी आदेश के अनुसार हाथरस में कार्यरत सभी कर्मचारियों को प्रतिमाह मानदेय दिया जाना था। कर्मच. ारियों ने मांग की है कि उनके बकाया



मानदेय का भुगतान किया जाए। साथ ही उनके और उनके परिवार के भविष्य को देखते हुए उच्चाधिकारियों को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जाए।कर्मचारी कर रहे काफी परेशानी का सामना... कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने अल्प मानदेय से परिवार का भरण–पोषण करते हैं। ऐसे में समय पर वेतन न मिलने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## स्कूल के पास अवैध मीट की दुकानेंरूबच्चों की सुरक्षा खतरे में, आवारा कुत्तों के हमले का डरय प्रशासन ने जारी किए नोटिस

हाथरस के सादाबाद के कस्बा सहपऊ में एक इंटर कॉलेज के पास बिना लाइसेंस चल रही मीट की दुकानों से स्थानीय लोगों में रोष है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ी है।मीट की दुकानों के कारण वहां आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार कुत्तों ने बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल किया है। स्कूल संचालक ने दुकानदारों से स्कूल समय में दुकानें बंद रखने का आग्रह किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी मीट विक्रेता को लाइसेंस नहीं दिया गया है। उन्होंने सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि नियमों के अनुसार किसी भी धार्मिक स्थल या शैक्षिक संस्थान के पास मीट की दुकान नहीं खोली जा सकती। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## हाथरस के जिला न्यायालय परिसर में आज वकीलों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

हाथरस के जिला न्यायालय परिसर में आज वकीलों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में वकीलों ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वकील शामिल हुए। वकीलों ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान लगातार आतंकवादियों को शरण दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेना को खुली छूट देने की मांग की। सेना पाकिस्तान पर आक्रमण कर उसे पर कब्जा करें।यह रहे मुख्य



रूप से मौजूद...वकीलों ने कहा कि पाकिस्तान की इन नापाक हरकतों को अब और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सचिव मनीष कौशल, परीक्षित सिंह सिसोदिया, रविंद्र सिंह, दिगंबर सिंह, अरविंद उपाध्याय समेत काफी संख्या में वकील मौजूद थे।

## हाथरस में जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी

हाथरस में जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नगर पालिका क्षेत्र के नगला तंदुला मोहल्ले में स्थिति गंभीर है। यहां एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद परिजनों को उनके शव को श्मशान ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।श्मशान स्थल को जाने वाले रास्ते



में पानी भरा है। परिजनों और मोहल्लेवासियों को शव को घुटनों तक गंदे पानी में से ले जाना पड़ा। इस मोहल्ले से श्मशान स्थल तक न तो पक्की सड़क है और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था।स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि नगर क्षेत्र में अंतिम यात्रा भी सम्मानपूर्वक नहीं हो पा रही है। यह शहर में बुनियादी सुविधाओं की कमी को दर्शाता है।गर्मी में संक्रमण फैलने का भी डर मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि जलभराव से संक्रमण फैलने का खतरा भी है। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की है।




## हाथरस में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कश्मीर में हुए आतंकी हमले का विरोध किया

हाथरस में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कश्मीर में हुए आतंकी हमले का विरोध किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पहलगांव में हुई घटना का जिक्र किया गया।जहां आतंकवादियों ने हिंदू पर्यटकों की धार्मिक पहचान के आधार पर हत्या कर दी थी। संगठनों ने इसे भारत के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक स्वतंत्रता और गरिमा पर सीधा हमला बताया।संगठनों ने छह प्रमुख मांगें रखीं। इनमें घटना में शामिल आतंकवादियों को गिरफ्तार कर मृत्युदंड देने की मांग शामिल है।जम्मू–कश्मीर में हिंदू यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए स्थाई व्यवस्था की मांग की गई। मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की गई।राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग रखी गईधार्मिक स्थलों और यात्राओं की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग रखी गई। धार्मिक आधार पर की गई हिंसा को राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में लाने और एक लाख मदरसों पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की गई।ज्ञापन में कहा गया कि यह घटना पीड़ित



परिवारों के साथ पूरे हिंदू समाज की आत्मा को आहत करने वाली है। राहुल उपाध्याय, पुरुषोत्तम चौधरी, गौरव पाठक, योगेश कुमार, रामू भारद्वाज और विशाल चौधरी सहित कई कार्यकर्ता ज्ञापन देने के दौरान मौजूद थे।

# ऊपरकोट के चिराग चियान मोहल्ले में लोगों को पिछले 15 दिनों से पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं मिल रहा

ऊपरकोट के चिराग चियान मोहल्ले में ला.`गों को पिछले 15 दिनों से पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं मिल रहा है। इससे आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को क्षेत्र में सड़क पर उतरकर हंगामा किया। महिलाओं ने खाली बाल्टियां लहराकर नगर निगम विरोधी नारे लगाए।इसके अलावा लोगों ने 'यह मकान बिकाऊ है, यहां पानी की समस्या है' कागज पर लिखकर पोस्टर बनाए और घरों के दरवाजे पर चिपका दिए। घरों में ताला डालकर लोग सड़क पर विरोध जताने लगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चिराग चियान क्षेत्र में पर्याप्त पानी न आने से रोजमर्रा के काम अटक जाते हैं, आस–पड़ोस से पानी लेना पड़ता है।क्षेत्रीय निवासी शहाबुद्दीन ने सीधे प्रदेश सरकार पर निशाना साध दिया। कहा कि सरकार क्षेत्र की जनता को पानी नहीं देना चाह रही है। इसीलिए अधिकारी भी आंख मूंदे बैठे हैं। अफजल अंसारी ने बताया कि वाटरवर्क्स, घुड़ियाबाग व बारहद्वारी के नलकूपों से ओवरहेड टैंक भरता है, उससे पानी क्षेत्रों में भेजा जाता है। इन नलकूपों की मोटरें खराब होने से ओवरहेड टैंक भर नहीं पाता है। इसके चलते पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होती है।बनियापाड़ा क्षेत्र में पानी पहुंचता है लेकिन उसी के बराबर में चिराग चियान क्षेत्र में पानी नहीं पहुंचता है। इसलिए ला.`गों ने यहां से पलायन करने का निर्णय किया है। जब गर्मी में पेयजल ही उपलब्ध नहीं हो पा रहा तो ऐसे रोज–रोज कैसे गुजर–बसर हो पाएगा?चिराग चियान निवासी शकील अहमद ने बताया कि उनके घर पर वैवाहिक समारोह है। तीन दिन पहले हल्दी की रस्म थी। घर पर रिश्तेदारों का आना–जाना लगा है। मगर पानी न होने समस्या हो रही है। मस्जिद से पानी लाकर काम चलाना पड़ रहा है। घर पर सभी काम अटके हुए हैं। नगर निगम में शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।क्षेत्र में पिछले दो हफ्ते से पानी नहीं आ रहा है। बनियापाड़ा में पानी आता है लेकिन चिराग चियान में आपूर्ति नहीं होती। इसकी शिकायत लंबे समय से कर रहे हैं लेकिन कोई सुधार नहीं। मोहम्मद शाकिरभीषण गर्मी में पानी न मिलने से लोग परेशान हो रहे हैं। मस्जिद व आस–पड़ोस से पानी लेने को मजबूर हो रहे हैं। इस तरह कितने दिन तक काम चल पाएगा। जनता परेशान हो रही है। नजर अभी कई लोग पलायन करने के फैसले कर रहे हैं। अगर दो दिन में पानी की व्यवस्था नहीं सुधरी तो सीधे निगम में ही डेरा जमा लेंगे। जब तक पानी नहीं आएगा तब तक विरोध होगा। शाहिदगर्मी में जनता को पानी न मिले इससे बुरी बात क्या हो सकती है? अधिकारियों व मेयर को इस ओर ध्यान देना चाहिए। क्षेत्र की जनता बिना पेयजल के कई दिनों से परेशान हो रही है। इमाम मिनहाजअवर अभियंता व सहायक अभियंता को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में जलसमस्या को तत्काल दूर कराएं। बुधवार को मैं खुद क्षेत्र में जाकर देखूंगा कि आखिर समस्या क्यों आ रही है? इसको दूर कराया जाएगा। सुरेश चंद, प्रभारी महाप्रबंधक, जलकल, नगर निगम

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व नगर आयुक्त विनोद कुमार द्वारा जिले के ओडीओपी उत्पाद लॉक के प्रमोशन के लिए राष्ट्रीय लॉक म्यूजियम की स्थापना के प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण कराया गया। लॉक से संबंधित प्रदर्शन, प्रशिक्षण, विक्रय सुविधा, व्यावसायिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी गतिविधियां इस म्यूजियम की विशेषता होगी। उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित करते हुए राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया।जिले के डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में स्थित न्यू दाऊद खॉ रेलवे स्टेशन पर बने एक्सपोर्ट टर्मिनल को अलीगढ़–आगरा मुख्य सड़क से जोड़े जाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को 10 दिन के अंदर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए। तालानगरी उद्योग क्षेत्र के लिए 132 केवीए सब स्टेशन की स्थापना हेतु ग्राम किढारा में भूमि का सर्वेक्षण कराए जाने के निर्देश उप जिला अधिकारी कोल को दिए गए। औद्योगिक आस्थान आईटीआई रोड व क्वार्सी चौराहे से ताला नगरी को जाने वाले मुख्य सड़क पर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने के निर्देश देते हुए नगर आयुक्त द्वारा सभी औद्योगिक संगठनों को यह आश्वासन दिया गया कि सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रुल्स के अनुसार भूखंड की साइज के आधार पर ही कचरा संग्रहण शुल्क वसूल किया जाएगा।निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि किसी भी विभाग का कोई भी प्रकरण निर्धारित समय सीमा अवधि के उपरांत लंबित नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों का समय सीमा अवधि से पूर्व ही गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए साथ ही उसको समय से पोर्टल पर भी अपडेट किया जाए।बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, उपायुक्त राज्य कर चंद्रशेखर, उपायुक्त श्रम शेर सिंह सहित विभिन्न अधिकारी एवं औद्योगिक संगठनों की ओर से नेकराम शर्मा, लल्लू सिंह, गणेश चौधरी सहित जनपद की समस्त प्रमुख औद्योगिक संगठनों के अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

## तेज गर्मी के साथ बिजली संकट गहराया, कई इलाकों में ट्रिपिंग

बढ़ती गर्मी के बीच शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। सोमवार देर रात सारसौल, वैशालीपुरम, मैलरोज बाइपास और रामबाग जैसे इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या देखी गई। फलमंडी में लगी आग के कारण 11 केवी फीडर बंद करना पड़ा, जिससे एक घंटे से ज्यादा बिजली बाधित रही। केला नगर फीडररू बेगपुर गली नं. 1, केला नगर गली नं. 2, 4 व 5 में 23 और 28 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आरडीएसएस कार्य के कारण आपूर्ति बंद रहेगी। रॉयल होम फीडररू विकास भवन क्षेत्र के रॉयल होम्स, साई विहार, अंबे नगर, रसिक टावर में सुबह 8 से 11 बजे तक पेड़ छंटाई के चलते बिजली नहीं मिलेगी।

## अलीगढ़ में बुधवार को जगह–जगह आतंकवाद का विरोध किया गया और पाकिस्तान और आतंक का पुतला फूंका गया


अलीगढ़ में बुधवार को जगह–जगह आतंकवाद का विरोध किया गया और पाकिस्तान और आतंक का पुतला फूंका गया।पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सभी एकत्रित हुए और उन्होंने जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करी कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और देश से इसे खत्म किया जाए।डीएस कालेज के सामने किया प्रदर्शनअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी दोपहर में डीएस कालेज के पास एकत्रित हुए और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथ में पा.`स्टर बैनर लेकर उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला फूंका और कहा कि विद्यार्थी परिषद मारे गए लोगों के परिवार के साथ है। जरूरत पड़ने पर देश के लिए विद्यार्थी परिषद अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की भी क्षमता रखती है।करणी सेना के पदाधिकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। सारसौल स्थित नेशनल हाईवे पर करणी सेना के पदाधिकारी एकजुट हुए




और उन्होंने पाकिस्तान का पुतला फूंका। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले पर जमकर जूते–चप्पल मारे और फिर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में करणी सेना के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने नगर निकायों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों समेत संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन,15वें वित्त आयोग और नगरीय अवसंरचना विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए और लाभार्थियों को निर्धारित समयावधि में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंउन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पूर्ण पारद.शिता एवं ईमानदारी के साथ पहुँचे। इसके लिए सतत निगरानी, फील्ड विजिट और जन सहभागिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के लिए नाली, नालों, गलियों में नियमित साफसफाई के साथ ही समयबद्ध तरीके से कूड़ा निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जल निकासी का भी उचित प्रबंध रहे। यदि कहीं जलभराव की समस्या है यो स्थाई निदान तलाश किया जाए। भीषण गर्मी के दृष्टिकोण से जनसमान्य को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। गौवंशों को भीषण गर्मी से सुरक्षित रखने के लिए सभी प्रकार के प्रबंध किए जाने के साथ पीने के पानी का उचित प्रबंध किया जाए। जहां भी हैंडपंप खराब हैं, उनकी मरम्मत करा ली जाए। स्ट्रीट लाइट



खराब नहीं रहनी चाहिए।बैठक के दौरान नगर निकायवार प्रगति प्रस्तुत की गई, जिसमें कुछ निकायों की सराहनीय प्रगति पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की, वहीं प्रगति में पिछड़े निकायों अतरौली, इगलास एवं जट्टारी को कार्य में गति लाने के लिए सख्त निर्देश भी दिए। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द विकास कार्यों की वास्तविक डीपीआर तैयार कर भेजें।बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार समेत सभी अधिशासी अधिकारी एवं पटल सहायक अर्पित शर्मा उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, जल संस्थान, नगर पालिका परिषद, विद्युत विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने गर्मी के मौसम में बढ़ती जल आवश्यकता एवं नागरिकों को सुचारु पेयजल आपूर्ति सु.निश्चित कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त विनोद कुमार को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र के सभी पंप हाउस व टंकियों की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की जाए एवं किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर निगम एवं जल संस्थान को निर्देशित किया गया कि वह जल संकट से प्रभावित मोहल्लों एवं क्षेत्रों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करें। आवश्यकतानुसार जल टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाए एवं उनका संचालन सुचारु रूप से किया जाए। नागरिकों को पूर्व जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखे जाएं। जलापूर्ति से जुड़े पंपिंग स्टेशनों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई पोर्टल, टेलीफोन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में स्वयं जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर भी पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की जा रही है, अतः सभी अधिकारी पूर्ण सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में नगर आयुक्त विनोद कुमार, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, अपर नगर मजिस्ट्रेट, सहायक नगर आयुक्त, सुपरेन्डेन्ट इंजीनियर विद्युत पीए मोगा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में दरोगा पर महिला से दुष्कर्म की कोशिश का आरोप, जांच शुरू

अलीगढ़ के हरदुआगंज थाना क्षेत्र में एक महिला ने तैनात दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि वह अपने पति की तलाश में मदद मांगने थाने गई थी, लेकिन दरोगा ने मदद के बदले संबंध बनाने का दबाव बनाया। महिला ने दरोगा पर दुष्कर्म की कोशिश और धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं। महिला के मुता.बिक 6 मार्च को दरोगा उसके घर पहुंचा और जबरदस्ती करने की कोशिश की। शोर मचाने पर वह भाग गया। इसके बाद दरोगा ने उसे कई अश्लील वॉयस मेसेज और वीडियो लिंक भेजे। महिला ने एक महिला सिपाही को रिकॉर्डिंग सुनाई, जिसके बाद दरोगा उसके घर छानबीन करने पहुंचा और धमकाया। महिला ने राज्यपाल को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की मांग की है। मामले की जांच सीओ अतरौली सृजना सिंह को सौंपी गई है। बीमार बेटी की दवा लेने निकले एक अधिवक्ता के साथ चौकी इंचार्ज द्वारा गाली–गलौज और दुर्व्यवहार। नगला पटवारी चौकी प्रभारी पर एक केस में 50,000 रुपये की रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल। तालानगरी चौकी के पुलिसकर्मी द्वारा चाय विक्रेता की बेरहमी से पिटाई, जिससे उसका कान का पर्दा फट गया। एक मोबाइल चोरी आरोपी पुलिस हिरासत से अस्पताल में फरार हो गया, बाद में पकड़ा गया। एसपी देहात अमृत जैन के मुताबिक, महिला की शिकायत पर जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी ने कहा है कि सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ गंभीर मामलों में जांच के बाद कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में छात्र गुटों के बीच मारपीट और फायरिंग, जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हॉर्स राइडिंग में दो छात्र गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसके बाद घायल छात्र को मेडिकल कॉलेज लाया गया। इस दौरान हमलावरों ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में फायरिंग की और ओटी तक पहुंचकर उत्पात मचाया, फिर फरार हो गए। प्रॉक्टोरियल टीम ने पांच हमलावरों को मौके से पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद जूनियर डॉक्टरों ने सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की मांग करते हुए काम पर लौटने से इनकार कर दिया। क्षेत्राधिकार तृतीय, अभय कुमार पांडे ने बताया कि इस घटना में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल गेहूँ क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेंहू की खरीद


अलीगढ़ जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेष्ठ ने अवगत कराया है कि राजकीय क्रय बढ़ाने के उद्देश्य से मोबाइल गेहूँ क्रय केन्द्रों के माध्यम से खरीद की जायेगी। उक्त के तहत क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं एवं ग्राम प्रधानों से वार्ता की जायेगी और जिस ग्राम में एक ट्रक लोड गेहूँ क्रय की सम्भावना हो, वहीं मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से गेहूँ क्रय किया जायेगा। योजना का लाभ उठाने के लिए कृषक भाई अपने ग्राम के कृषकों से एक ट्रक भर गेहूँ की व्यवस्था होने पर अपनी तहसील से सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क कर मोबाइल टीम को अपने ग्राम में बुलाकर अपना गेहूँ विक्रय कर सकते है।उन्होंने बताया कि गेहूँ विक्रय के लिए कृषक भाईयों को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs-up-gov.पद पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यदि पंजीकरण नहीं कराया है तो मोबाइल टीम द्वारा आधार कार्ड एवं खतौनी के प्रपत्र लेते हुए आपका पंजीकरण तत्काल कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि गेहूँ का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित है।

**मोबाइलक्रय के लिए तहसीलवार अधिकारी**

कोल– श्रीमती मोनिका माहेश्वरी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (9358618500), चिन्ताराम वर्मा एडीसीओ (9450511375), श्रीमती खुशबू वार्ष्णेय विपणन निरीक्षक (8178110764), अतरौली– रितेश सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (9319466600), राजेन्द्र प्रसाद एडीसीओ (9451119590), श्रीमती ऋचा सिंह विपणन निरीक्षक (7985723610), खैर– सुमित सिंह विपणन निरीक्षक (9015477513), युवराज सिंह एडीसीओ (9412227855), शिखर कश्यप विपणन निरीक्षक (9457964792), गभाना– रितेश सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (9319466600), युवराज सिंह एडीसीओ (9412227855), श्रीमती बबीता विपणन निरीक्षक (9140171831), इगलास– सुमित सिंह विपणन निरीक्षक (9015477513) अर.विंद सिंह एडीसीओ (9756752788), शिखर कश्यप विपणन निरीक्षक (9457964792) से दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषक भाईयों को गेहूँ विक्रय में यदि कोई समस्या होती है तो वह जिला स्तर पर भी जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ (9919865525), सहायक निबन्धक सहकारिता कृष्ण कुमार (9457194599), जिला प्रबन्धक, पीसीएफ अनाकुल जैन (8765984868) एवं प्रबन्धक (खरीद) भा०खा०नि० तेजमल कोहली (8427057120) के अतिरिक्त कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 6395733179 एवं 9027862520 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## विशेष लोक अदालत 26 अप्रैल को

अलीगढ़ जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 26 अप्रैल शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं बाह्य स्थित न्यायालयों पर किया जाना है।विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों (PettyOffencमे ) मामलों का निस्.तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाएगा।एडीजे एवं पुर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने वादकारीगण से अनुरोध किया है कि वह विद्युत अधिनियम




2003 के अन्तर्गत न्यायालय में लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों (च्मजजल व्ि़िदबमे) के निस्.तारण के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत का लाभ उठायें एवं जिला न्यायालय व बाह्य स्थित न्यायालयों में 26 अप्रैल को पहुँचकर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराकर विशेष लोक अदालत को सफल बनायें।

# कासगंज के सहावर क्षेत्र के खितौली गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया

कासगंज के सहावर क्षेत्र के खितौली गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका नाजिमा की शादी 5 मई 2023 को समीर के साथ हुई थी। मृतका के परिजनों ने पति समीर और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ना. जिमा को प्रताड़ित किया जा रहा था। परि. जनों का आरोप है कि इसी दहेज की मांग के चलते उनकी बेटी की हत्या कर दी गई।पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव




को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने पति समीर, ससुर और अन्य ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# एटा में एक ही रात में तीन घरों में चोरी

## रिटायर्ड फौजी समेत तीन घरों से लाखों के जेवर और नकदी चोरी, परिवार सो रहा था


एटा जिले के राजा का रामपुर थाना जग. न्नाथ गांव में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। चोरों ने सबसे बड़ी चोरी रिटायर्ड फौजी चंद्रपाल सिंह के घर से की।चंद्रपाल सिंह के मुताबिक, चोर उनके घर से एक लाख रुपए नकद और लाखों के सोने–चांदी के जेवरात ले गए। चोरी के समय परिवार के सभी सदस्य घर में ही सो रहे थे। चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया।दूसरे पीड़ित सोहन के घर से चोर 20 हजार रुपए नकद और सोने–चांदी के जेवरात ले गए। तीसरे पीड़ित कल्लू के घर से



गेहूं की बोरियां चोरी हुईं।चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों की लगी घर पर भीड़।सुबह जब लोगों को चोरी का पता चला, तो घरों में बिखरा सामान देखकर दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। राजा का रामपुर थाना प्रभारी मुकेश मालिक ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। उन्होंने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# कासगंज में एक और गैंगरेपः शादी में दोस्ती की फिर मिलने बुलाया, दरिंदगी का वीडियो बनवाकर साथियों को बांटा

कासगंज। शहर में सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। सहावर में किशोरी के साथ दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और इसका वीडियो बनाकर साथियों को बांट दिया। पीड़िता के पिता ने दोनों आरोपितों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है।मामला सहवार क्षेत्र के गांव का है। गांव में 12 अप्रैल को शादी थी। इसमें गांव का ही रहने वाला युवक ने शादी में आई किशोरी को बहला फुसला लिया। उसके साथ दो दिन प्यार भरी बातें कीं। इसके बाद 15 अप्रैल को उसे गांव से कुछ दूर दोपहर में खेत में बुला लिया। वहां किशोरी से वार्ता के दौरान छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर नहीं माना। धमका कर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा।इस पूरी घटना का वीडियो किशोरी के मोहल्ले के रहने वाले युवक ने बना लिया। वीडियो डिलीट करने के एवज में दूसरे युवक ने भी किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इसके बावजूद वीडियो को डिलीट नहीं किया। इतना ही नहीं उसने आरोपित ने वीडियो को अपने दोस्तों को बांट दिया। इसकी जानकारी जब किशोरी के पिता को मिली तो उसने बेटी से इस संबंध में जानकारी ली। बेटी ने पिता को बताया उसे मिलने के लिए बुलाया था। उसके बाद सुनसान देख उसके साथ



दुष्कर्म किया गया। उसके साथी ने इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। 21 अप्रैल को पीड़िता के पिता ने दोनों आरोपितों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में दुष्कर्म करने वाले आरोपित ने बताया कि वह इंटरमीडिएट का छात्र था। पिता के साथ दिल्ली में एक फैक्ट्री में काम कर रहा था। दोस्त की बहन की शादी में तीन दिन पहले ही किशोरी से मुलाकात हुई थी। सहावर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवेश राणा ने बताया कि पीड़िता की पिता की तहरीर पर दोनों के खिलाफ दुष्कर्म का अभियोग पंजीकृत किया गया है। दोनों आरोपितों को प्राथमिकी दर्ज होने के चंद घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों की डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है।पीड़िता को दर्द की शिकायत पर सा. मवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।पुलिस ने दोनों आरोपितों का डीएनए टेस्ट करा रही है। मंगलवार को दोनों आरोपितों को पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उनको डीएनए टेस्ट के लिए नाखून, खून आदि के नमूने लिए गए। पुलिस इनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजेगी।

# कासगंज रेलवे स्टेशन पर एक दुखद घटना सामने आई

कासगंज रेलवे स्टेशन पर एक दुखद घटना सामने आई है। स्टेशन के बाहर 30 वर्षीय युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान एटा जिले के जलेसर के नगला निवासी दिनेश के रूप में हुई है।दिनेश अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ उत्तराखंड से मां पूर्णागिरि के दर्शन करके लौट रहा था। कासगंज रेलवे स्टेशन पर परिवार को बैठाकर वह खाना लेने बाहर गया। इसके बाद वह किसी काम से स्टेशन के बाहर गया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।परिजनों ने काफी देर तक दिनेश का इंतजार किया। जब वह नहीं लौटा तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों को सूचना मिली कि स्टेशन के पास एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान दिनेश के रूप में की।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कासगंज चेकिंग अभियान में 9 अपंजीकृत वाहन सीज, 93 चालान जारी

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

जनपद में चलाए जा रहे अवैध और अपंजीकृत वाहनों के खिलाफ अभियान के अंतर्गत चेकिंग अभियान अमांपुर चौराहा पर चलाया गया।चेकिंग एआरटीओ राम प्रकाश मिश्र और यातायात प्रभारी यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। जिसमें छह ई–रिक्शा और तीन टेंपो अपंजीकृत पाए गए।वाहनों को सीज किया गया। यायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि यातायात का उल्लंघन करने वाले 93 वाहन चालकों के चालान काटे




गए हैं।वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

# संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा ने कासगंज जिलाध्यक्ष घोषित किए तरुण मदान,

कासगंज, संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा द्वारा आज एक बैठक नगर के शांति पुरी कालौनी काली मंदिर पर आयोजित करी जिसमें मोर्चा के सभी किसानों ने जिला अस्पताल पर एकत्रित हो बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से ऐरोला फाटक होते हुए पैदल यात्रा कर सड़क पर डल्ले वाल जी आपकी सोच पे पहरा देंगे ठोंक के एम एस पी गारंटी कानून लेकर रहेंगे आदि नारेबाजी करते हुए बैठक स्थल तक पहुंचे बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गिरीश मिश्र सिरसौल एवं संचालन संस्थापक जितेंद्र शर्मा ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र अगराना के समक्ष बड़ी संख्या में किसानों ने मोर्चा में सदस्यता लीं व प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण शर्मा के अनुमोदन पर समाजसेवी कासगंज जिलाध्यक्ष तरुण मदान को घोषित किया गया साथ ही फिल्म सितारों को मात देते गंजडुंडवारा निवासी 65 वर्ष की उम्र में 20 वर्ष उम्र प्रतीत होते युवाओं के आईकोन मुफीद अहमद पहलवान को



नगर उपाध्यक्ष गंजडुंडवारा, फर्रुखाबाद के संजीव कुमार को फर्रुखाबाद के ग्राम अध्यक्ष सिवारा मुकुट मनोनीत किया संदीप वर्मा गंजडुंडवारा सहित अन्य भारी संख्या में किसानों को सदस्यता दीं नवनियुक्त मनोनीत जिलाध्यक्ष तरुण मदान ने कहा कि वह आज संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा से जुड़ाव मोर्चा राष्ट्रीय संरक्षक बापू सरदार जगजीत सिंह डल्ले वाल जी के त्याग बलिदान भाव देख प्रभावित होकर लें रहे हैं जो देश के सच्चे किसान मजदूर हितैषी है सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक बापू डल्ले वाल सहाब की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह बिना किसी राजनीतिक एजेंडे वाले सच्चे किसान नेता हैं और मोर्चा संस्थापक जितेंद्र शर्मा उत्तर प्रदेश में नि. रंतर डल्ले वाल सहाब के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ा रहे हैं मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गिरीश मिश्र सिरसौल एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र अगराना निःस्वा. र्थ सेवा भाव से किसानों मजदूरों के हितों को लेकर तत्पर हैं बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव ओबीसी मोर्चा सुनहरी यादव, मण्डल अध्यक्ष शारिक अल्वी, सत्यभान पचौरी, तहसील अध्यक्ष पटियाली रविंद्र कुमार, नासिर खान, आदि सैकड़ों किसानों की मौजूदगी रही

# एटा जिले की कोतवाली के नगला फरीद में 17 वर्षीय किशोरी ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली

एटा जिले की कोतवाली के नगला फरीद में 17 वर्षीय किशोरी ने घर में अकेले रहने के दौरान पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।मृतका की पहचान मनीषा के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब परिजन खेतों में काम कर रहे थे। जब वे वापस लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा खोलकर देखा तो किशोरी पंखे से लटकी मिली।परिजनों ने तुरंत कोतवाली देहात थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड की टीमों को भी बुलाया गया। पुलिस ने साक्ष्य संकलित किए और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की।थाना प्रभारी आर के सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। मामले की जांच जारी है। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।प्रेम कुमार ने बताया



कि घर में किसी तरह का कोई विवाद नहीं था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# कासगंज पहलगाम में हुई पर्यटकों की हत्या से अधिवक्ताओं में आक्रोश, केंद्र सरकार से की ये मांग

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी, जिससे अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश है। बुधवार को घटना से आहत होकर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। उन्होंने बैठक कर घटना की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की।बुधवार को न्यायालय परिसर में कासगंज बार एसोसिएशन की बैठक उपाध्यक्ष अधिवक्ता अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई



घटना की घोर निंदा की गई। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपना विरोध दर्ज कराया। सभी अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार से कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की।अमित उपाध्याय, चंद्रपाल सिंह, राकेश सिंह राजपूत, अभिषेक सोलंकी, शिवकुमार, महिपाल सिंह राजपूत, ओमप्रकाश सिंह, अयोध्या प्रसाद, बॉबी, सत्यवीर सिंह, मोहम्मद अयाज, सुनील, नवल किशोर शर्मा, संजीव कुमार, संजय सोलंकी, जसवीर सिंह यादव, केशव मिश्रा, रतन सिंह, राजीव कुमार यादव, प्रदीप कुमार, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह राजपूत, निर्मल कुमार, शहनवाज हैदर सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एटा के उद्योग व्यापार मंडल ने जोरदार प्रदर्शन

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एटा के उद्योग व्यापार मंडल ने जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने घंटाघर के सामने जीटी रोड पर आतंकियों का पुतला फूंका।बैसारन में आतंकियों ने पिकनिक स्पॉट पर धर्म पूछकर अंधा–धुंध फायरिंग की थी। इस हमले में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात समेत कई राज्यों के 27 पर्यटकों की जान चली गई। कई पर्यटक घायल हुए। सैकड़ों पर्यटकों ने छिपकर अपनी जान बचाई।उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अतुल राठी के नेतृत्व में व्यापारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। राठी ने कहा कि कानपुर के एक व्यापारी की भी इस हमले में मौत हुई है। एटा के सभी व्यापारी इस घटना से आक्रोशित हैं।व्यापारियों ने केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने



कहा कि जिस तरह पाकिस्तान में घुसकर भारत ने जवाब दिया था। उसी तरह इस घटना का भी जवाब दिया जाए।

# कासगंज में पहलगाम आतंकी हमले का विरोधरूबजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

कासगंज के सोरों कस्बे में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने शव चौराहे पर आतंकवादियों का पुतला फूंका।बजरंग दल के कार्यकर्ता बुधवार को सड़कों पर उतरे। उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।पहलगाम में हुए आतंकी हमले का देश भर में विरोध हो रहा है। सोरों में बजरंग दल के इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।